बरेली, गुरुवार
18 नवंबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

PAGE NO : 07 BOTTOM

स्पोर्ट्स मीट का आगाज, 700 छात्रों ने किया प्रतिभाग

जासं, बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एन्ड टेक्नोलाजी में बुधवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'हुंकार' का शुभारंभ हुआ। इसमें बरेली स्थित सभी संस्थानों के 700 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। पहले दिन एसआरएमएस सीईटी, ईएमएस और सीईटीआर की टीमों के बीच क्रिकेट, टेबल टेनिस, फुटबाल, वालीबाल और खो-खो मैच खेले गए। समिति के सचिव सोवन मोहंती ने बताया कि श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट द्वारा संचालित समस्त संस्थानों में विद्यार्थियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष स्पोर्ट्स मीट होती है। इस साल तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ इंजीनियरिंग कालेज ग्राउंड में किया गया। ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि खेल कोई भी हो, उसे खेल भावना से ही खेलना चाहिए। हार जीत तो इसका एक हिस्सा है। ट्रस्ट के एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, आइएमएस प्राचार्य डा. एसबी गुप्ता, डीन एकेडमिक सीईटी डा. प्रभाकर गुप्ता, डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डा. अनुज कुमार, आयोजन समिति सदस्य रुचि शर्मा, शंकरपाल आदि मौजूद रहे।